जवाहर नगर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास अवैध कब्जा हटाया गया

भिलाईनगर। वैशाली नगर जोन के अंतर्गत जवाहर नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निर्माण खिलाड़ियों को खेलने प्रेक्टिस करने के लिए बना हुआ है। जहां पर बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, आधुनिक जिम इत्यादि के लिए बनाया गया है। वहां पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की आयोजित हुई थी। उसके पीछे साइड में निगम भिलाई द्वारा बृहद रूप से वृक्षारोपण भी किया गया है। पार्षद नोहर वर्मा द्वारा शिकायत की गई थी की कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। यह जानकारी जोन कमिश्नर ऐसा लहरे को मिली उन्होंने अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाया गया बाड़ी, गाड़ी रखने का गैरेज, एवं घेरा बनाकर के सरकारी जमीन को कब्जा करना चाह रहे थे। जोन कमिश्नर स्वयं की उपस्थिति में अतिक्रमण को जेसीबी तोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों को चेताया गया कि कोई अगर इस प्रकार का नगर निगम जमीन पर कब्जा करेगा उसका हटाने के बाद उसकी भरपाई भी संबंधित से की जाएगी। उसके खिलाफ नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान अभियंता अरविंद शर्मा, जोन प्रभारी राजस्व अधिकारी शरद दुबे, तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़, मंगलू, विष्णु सोनी आदि उपस्थित रहे।